तापमान

अधिकतम 42 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 2 जून 2026



4 यूरिया की कमी का विकल्प नील हरित शैवाल किसानों को हरी खाद अपनाने की सलाह







हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
02 जून 2026
कूपन नं.
3


### रविवार की रात मांड नदी में मिला हाथी शावक का शव, डूबने की आशंका

# मई में हर छठवें दिन एक हाथी की बनी जल समाधि, एक महीने में 5 की मौत

**हजिले में इस साल नौवीं मौत**
**वन विभाग की बढ़ी चिंता**
**जांच में जुटा अमला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मई का महीना भीषण गर्मी का रहा। इसका असर जंगल के सबसे बड़े जानवर हाथियों पर भी पड़ा है। जंगलों में पानी की कमी की वजह से हाथी गांवों में अपनी प्यास बुझाने आ रहे हैं। यह संयोग है या कुछ और, मई में हर छठवें दिन एक हाथी की जल समाधि बन गई है। याने एक महीने में 5 हाथियों की मौत हो चुकी है। जितने हाथियों की मौत हुई है वह सभी शावक ही थे और सभी की मौत पानी में डूबने से ही हुई है। ऐसे में इसे लेकर अब कई तरह के सवाल खड़े होने लगा है। रविवार की रात भी खरसिया वन परिक्षेत्र के गुरदा संगम नदी में एक हाथी शावक की डूबने से मौत हो गई है। वहीं जनवरी से लेकर अब तक 9 हाथियों की विभिन्न कारणों से मौत हो चुकी है। बीते मई में ही जिले के अलग-अलग वन परिक्षेत्र में 5 हाथियों की मौत हो गई है। पहली मौत 8 मई को हुई थी। इसके बाद 11, 22, 24 और 31 मई की रात हुई है। खास बात यह है कि इसमें से तीन हाथियों की मौत एक ही वन परिक्षेत्र छाल में ही हुई है। एक खरसिया रेंज के गुरदा और एक अन्य वन परिक्षेत्र में मौत होने की जानकारी मिली है। एक महीने में 5 हाथियों की मौत को लेकर तरह तरह की चर्चाएं होने लगी है। दूसरी ओर यह संयोग ही है या कुछ और विभाग भी समझ नहीं पा रहा है। कारण सभी हाथियों की की वजह प्यास बुझाने के दौरान ही हुई है। याने वन विभाग द्वारा पर्याप्त पानी का किया जा रहा दावा पूरी तरह से गलत है। यदि पानी होता तो शायद हाथी जंगल से बाहर नहीं निकलते।



**लगातार हो रही शावकों की मौत, उठ रहे सवाल**

उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक जनवरी से अब तक रायगढ़ जिले में विभिन्न घटनाओं में नौ हाथी शावकों की मौत हो चुकी है। इनमें अधिकांश मामलों में पानी में डूबने या जल स्रोतों से जुड़े हादसे सामने आए हैं। जनवरी माह से लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन अब तक इसकी स्पष्ट जांच नहीं हो सकी है। फिलहाल वन विभाग मामले की विस्तृत जांच कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी सामने आएगी।

**रविवार की रात भी प्यास बुझाने आया था हाथियों का दल**

जानकारी के अनुसार गुरदा क्षेत्र के ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह करीब 9 बजे संगम नदी में एक हाथी शावक का शव पानी में तैरते देखा। घटना की सूचना वन विभाग और हाथी मित्र दल को दी गई। वन अमला मौके पर पहुंचा और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि शावक की मौत नदी पार करने या पानी में बह जाने के कारण हुई हो सकती है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। वन विभाग के अनुसार पिछले कुछ दिनों से बारभौना और ऐडू क्षेत्र के आसपास 50 से अधिक हाथियों का दल विचरण कर रहा है।



## बरभौना जंगल में हाथियों की दस्तक गांवों में बढ़ी चिंता, वन विभाग अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बरभौना जंगल क्षेत्र में हाथियों के दल के पहुंचने से आसपास के गांवों में चिंता का माहौल बन गया है। जंगल में कई हाथियों के विचरण की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। हाथियों की मौजूदगी की खबर मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर सक्रिय हो गई और लगातार उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इस संबंध में बताया जा रहा है कि हाथियों का दल भोजन और पानी की तलाश में जंगल क्षेत्र तक पहुंचा है। हाथियों के गांवों की ओर बढ़ने की आशंका को देखते हुए वन विभाग ने आसपास के ग्रामीणों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। विभाग की ओर से लोगों को जंगल की ओर अकेले न जाने और रात के समय अतिरिक्त सतर्कता रखने के लिए कहा गया है। वन अमला प्रभावित गांवों में लगातार संपर्क बनाए हुए है। ग्रामीणों को मुनादी के माध्यम से हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, उन्हें परेशान न करने और किसी भी असामान्य गतिविधि की तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि हाथियों के मूवमेंट पर लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं ताकि जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। फिलहाल वन विभाग की टीम क्षेत्र में निगरानी कर रही है और ग्रामीणों से सहयोग की अपील की गई है।

## खबर संक्षेप



### आरोपी की संपत्ति की जांच करने की मांग

**रायगढ़।** कुछ दिनों पूर्व सामने आए लव जिहाद के मामले में आरोपी वसीम मोहम्मद की पृष्ठभूमि और संपत्ति की जांच करने की मांग बजरंग दल ने कलेक्टर से की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि संबंधित युवक ने एक हिंदू युवती से अपनी पहचान छिपाकर विवाह किया तथा बाद में उस पर और उसके बच्चों पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। बजरंग दल के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बताया कि वसीम मोहम्मद पर राष्ट्रविरोधी गतिविधियों से जुड़े कथित बयान देनेए बच्चों को आपत्तिजनक नारे सिखाने तथा भारतीय सेना और पुलिस के संबंध में अनुचित टिप्पणियां करने के आरोप हैं। इसके अलावा उस पर नशीले पदार्थों और अवैध गतिविधियों से जुड़े होने के भी आरोप लगाए गए हैं। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी और उसके परिवार की पृष्ठभूमिए आर्थिक लेन.देनए संपत्तियों तथा कथित कारोबार की निष्पक्ष और विस्तृत जांच कराई जाए। ज्ञापन में यह भी अनुरोध किया गया है कि यदि किसी विदेशी संपर्क या संदिग्ध गतिविधि के प्रमाण मिलते हैं तो संबंधित एजेंसियों से भी जांच कराई जाए। फिलहाल ये सभी आरोप शिकायतकर्ताओं द्वारा लगाए गए हैं। प्रशासन या पुलिस की ओर से आरोपों की पुष्टि नहीं की गई है। मामले में जांच के बाद ही तथ्यों की आधिकारिक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि सामाजिक सौहार्द और कानून व्यवस्था बनी रहे।

### अवैध शराब बिक्री के 2 मामलों में दो गिरफ्तार



**रायगढ़।** खरसिया पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के 2 अलग अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए एक महिला ओर पुरुष को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के पास से कुल 63 नग देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने अवैध शराब पर कार्रवाई करने के लिए ग्राम चोढ़ा क्षेत्र में नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति हाथ में थैला लेकर खरसिया की ओर से आता दिखाई दिया। पूछताछ में उसने अपना नाम संजय कुमार पटेल पिता सुखदेव पटेल 32 वर्ष निवासी नवागांव बताया। उसके कब्जे में रखे थैले की तलाशी लेने पर 14 नग देशी एवं 14 नग अंग्रेजी शराब बरामद हुई। इसी क्रम में खरसिया पुलिस द्वारा ग्राम बोतल्दा क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की गई। पुलिस टीम को बोतल्दा हाईवे रोड पर पटेल ढाबा के पास एक महिला हाथ में सफेद रंग का झोला लेकर जाती हुई मिली। पूछताछ में उसने अपना नाम अनुसुईया उर्फ गुड्डी केशरवानी पति विश्राम केशरवानी 48 वर्ष निवासी छोटे देवगांव बताया। महिला के कब्जे से झोले में रखी 25 पाव देशी एवं 10 पाव अंग्रेजी शराब जब्त की गई। पूछताछ में महिला ने शराब को अवैध बिक्री के उद्देश्य से ले जाना स्वीकार किया।

## खरसिया में सट्टे का काला कारोबार उजागर नोट गिनने की मशीन समेत 32 लाख बरामद

**रायगढ़।** साइबर थाना और खरसिया चौकी की संयुक्त टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 32 लाख रुपये नकद, दो मोबाइल और एक नोट गिनने की मशीन बरामद की है। मामले में तीन अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है, किंतु वे फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

पुलिस को गंज बाजार क्षेत्र में आईपीएल फाइनल मुकाबले पर ऑनलाइन सट्टा खिलाने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने कई स्थानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान गगन अग्रवाल और शुभम अग्रवाल को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के संचालन की बात स्वीकार की और अपने साथियों के नाम भी बताए। जांच के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे रिकेश राय, अर्जुन राठौर और साहिल अग्रवाल के साथ मिलकर सट्टा नेटवर्क चला रहे थे। पुलिस को मिले सुराग के आधार पर टीम ने गोपाल राइस मिल कॉलोनी स्थित एक मकान में दबिश दी। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही साहिल अग्रवाल मौके से फरार हो गया, लेकिन वहां से दो बैग और नोट गिनने की मशीन बरामद की गई। बैगों की तलाशी लेने पर कुल 31 लाख 99 हजार 700 रुपये नकद मिले। पुलिस के अनुसार इतनी बड़ी रकम के संबंध में कोई वैध दस्तावेज या संतोषजनक जानकारी नहीं दी जा सकी। प्रारंभिक जांच में यह राशि क्रिकेट सट्टेबाजी से जुड़ी होने की पुष्टि होने पर उसे जब्त कर लिया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपी गगन अग्रवाल का नाम पहले भी ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े मामले में सामने आ चुका है। इसी वर्ष मार्च में चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में हुई कार्रवाई में भी उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।



**ऑनलाइन सट्टे से जुड़े कई सबूत भी बरामद**

जब्त किए गए मोबाइल फोन की जांच में ऑनलाइन सट्टे से संबंधित आईडी और अन्य तकनीकी साक्ष्य भी मिले हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने संगठित तरीके से सट्टा नेटवर्क तैयार कर बड़ी मात्रा में लेन-देन किया था। मामले में सभी पांच आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 112(2) और 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## एक बूथ एक ईवीएम, किरोड़ीमल के एक वार्ड में हुआ उप चुनाव, 90 फीसदी वोटिंग, 4 को काउंटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

उप चुनाव में चार वार्ड पंच के लिए 93.92 और किरोड़ीमल के एक वार्ड पार्षद में 90 फीसदी वोटिंग हुई है। पंच का चुनाव खत्म होने के बाद बूथ में जहां काउंटिंग की गई। वहीं किरोड़ीमल नगर के वार्ड क्रमांक 6 में हुए उप चुनाव की काउंटिंग 4 जून को होगी। सभी में दो-दो उम्मीदवार ही थे। किरोड़ीमल नगर में एक ही बूथ बनाया गया था, जहां एक ही ईवीएम लगा था। यहां करीब 190 मतदाता थे, जिसमें से 171 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें 86 पुरुष और 85 महिला वोटर शामिल हैं।

जिले में 59 पंच पद के लिए उप निर्वाचन होना था। इसके लिए अधिसूचना जारी की गई थी। हालांकि जिले के 49 पंच पद निर्विरोध चुन लिए गए थे। इन ग्राम पंचायतों के वार्ड पंच के लिए केवल एक-एक नामांकन ही जमा हुआ था। ऐसे में उनको निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया था। वहीं तीन गांव के चार वार्ड पंच का चुनाव हुआ है। इसमें घरघोड़ा ब्लॉक के छर्राटांगर ग्राम पंचायत के वार्ड 18 और 20 में चुनाव हुआ है। यहां दो पद के लिए दो-दो नामांकन जमा हुआ था। इसी तरह खरसिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत गिधा के वार्ड क्रमांक 03 और ग्राम पंचायत किरीतमाल के वार्ड 13 में पंच पद का चुनाव हुआ है। इन गांवों में भी एक पद के लिए दो-दो नामांकन ही जमा हुआ था। इन वार्डों में करीब 93.92 फीसदी वोटिंग होने की जानकारी मिली है। वहीं किरोड़ीमलनगर पंचायत के एक वार्ड में हुए उपचुनाव में करीब 90 फीसदी वोटिंग होने का अनुमान है। नगरपंचायत किरोड़ीमल नगर के वार्ड क्रमांक 6 में पार्षद पद के लिए चुनाव हुआ। यहां भी दो ही नामांकन जमा हुआ था। दो उम्मीदवारों के बीच कांटे का टक्कर था।



**49 पंच पद का चुनाव हुआ निर्विरोध**
**59 पद पर होना था चुनाव**

**गांवों में रही गहमा-गहमी**

एक वार्ड पंच के चुनाव में भी गांवों में भारी गहमा-गहमी देखी गई। किरोड़ीमल नगर में तो माहौल बन गया था। यहां बीजेपी- कांग्रेस के बीच कांटे का टक्कर है। दोनों ही पार्टी के नेता अपने अपने प्रत्याशियों की जीत होने का दावा कर रहे हैं। अब 4 जून को ही पता चलेगा किसकी जीत और किसकी हार होगी। जानकारी मिली है कि घरघोड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत में दो वार्ड में पंच पद के लिए चुनाव हुआ है। दोनों ही वार्ड में मतगणना पूरी हो गई थी, लेकिन जीत हार को सार्वजनिक नहीं की गई। छर्राटांगर में दोनों ही बीजेपी समर्थित प्रत्याशियों की जीत होने की जानकारी सामने आई है।

### खाने की दावत बनी मौत की वजह, कोटवार समेत तीन पर हत्या का मामला दर्ज

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र के ग्राम उरबा में एक मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। भोजन के लिए घर बुलाए गए गांव के कोटवार और उसके बेटों पर एक ग्रामीण पर धारदार चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उरबा निवासी दामोदर राठिया 37 वर्ष ने शनिवार की रात को गांव के कोटवार हरिराम चौहान को अपने घर भोजन के लिए आमंत्रित किया था। खाना खाने के दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि विवाद भोजन और पत्तल से जुड़ी बात पर हुआ था। देखते ही देखते इस बहस ने उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। जिसके बाद आरोपी कोटवार हरिराम चौहान ने अपने बेटे आकाश चौहान और एक नाबालिग पुत्र को भी मौके पर बुला लिया। इसके बाद तीनों ने मिलकर दामोदर राठिया पर हमला कर दिया। परिजनों के अनुसार मारपीट के दौरान दामोदर पर चाकू से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसकी मौत हो गई।

### इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में चोरी का खुलासा, चोरी गया सामान बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस ने धरमजयगढ़ रोड स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल दुकान में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी और चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चोरी के एलसीडी टीवीए इंडक्शन एवं मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गोल्डी फर्नीचर इलेक्ट्रॉनिक एंड मोबाइल के संचालक अमन गुप्ता ने दुकान से 20-21 सितंबर 2025 की रात के दौरान मोबाइल फोनए एलसीडी टीवीए इंडक्शन एवं पंखे चोरी हो गए हैं। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि दुकान का सामान कम दिखाई देने पर उसने सीसीटीवी फुटेज की जांच कीए जिसमें रामायण दास महंत उर्फ बर्रा नामक व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियां करते दिखाई दिया। आरोपी दुकान में ग्राहक बनकर आता था और मौका मिलते ही सामान बाहर निकालकर चोरी कर ले जाता था। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। अपराध दर्ज होने के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी घरघोड़ा क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी रामायण दास महंत उर्फ बर्रा 45 वर्ष निवासी बर्रा को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने सितंबर 2025 में दुकान से दो एलसीडी टीवीए एक ओप्पो मोबाइल फोनए दो इंडक्शन और दो सीलिंग पंखों की चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने उसके कब्जे से दो एलसीडी टीवी एवं दो इंडक्शन कुल लगभग 36 हजार रुपए मूल्य का सामान बरामद किया।

### लोईंग के ग्रामीण बैंक में भीषण आग दस्तावेज और कंप्यूटर जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर नगर थाना क्षेत्र स्थित लोईंग में संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा में रविवार की रात करीब साढे 9 अचानक भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और बैंक परिसर का अधिकांश हिस्सा इसकी चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार लोईंग बाजार मोहल्ला में मनोज प्रधान के मकान में बैंक की शाखा किराए पर संचालित हो रही है। मकान की ऊपरी मंजिल में मकान मालिक का परिवार और एक अन्य किरायेदार निवास करते हैं। करीब साढ़े नौ बजे बैंक के भीतर से धुआं उठता दिखाई दिया। धुआं देखकर ऊपर रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया और तत्काल इसकी सूचना बैंक प्रबंधन को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही बैंक प्रबंधक कुणाल कुमार ने पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची चक्रधर नगर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने का अभियान शुरू किया। हालांकि तब तक आग बैंक के भीतर तेजी से फैल चुकी थी और बैंक का बड़ा हिस्सा जल चुका था। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। बैंक प्रबंधन के अनुसार आग की चपेट में आने से महत्वपूर्ण दस्तावेज, कंप्यूटर और अन्य कार्यालयीन सामग्री को भारी नुकसान पहुंचा है। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और भवन में रहने वाले सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। फिलहाल बैंक की तिजोरी सुरक्षित है या नहीं, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। आग तिजोरी तक पहुंची है या नहीं तथा उसमें रखी सामग्री सुरक्षित है या नहीं, इसका आकलन किया जा रहा है। पुलिस और बैंक प्रबंधन संयुक्त रूप से नुकसान का आंकलन करने में जुटे हुए हैं। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई। आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही नुकसान और आग के कारणों की पूरी तस्वीर सामने आ सकेगी।

### 11 फीसदी रिटर्न का लालच, आरोपी पर केस दर्ज

# शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का झांसा, 1.77 करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शेयर मार्केट में निवेश कर हर महीने आकर्षक रिटर्न दिलाने का सपना दिखाकर 14 लोगों से करोड़ों की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ितों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए दरोगापारा निवासी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव संजय मिश्रा ने पुलिस को बताया कि साल 2022 में उनकी पहचान पश्चिम बंगाल निवासी विश्वजीत देवनाथ से हुई थी। आरोपी ने खुद को एलईडी बल्ब निर्माण और शेयर ट्रेडिंग का कारोबारी बताते हुए निवेश का प्रस्ताव दिया। उसने दावा किया कि निवेशकों के नाम पर डीमैट अकाउंट खोलकर उन्हें हर महीने छह प्रतिशत ब्याज और मूलधन का अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा। आरोपी की बातों पर भरोसा कर संजय मिश्रा ने बैंक से ऋण लेकर 12 लाख निवेश किया। शुरुआती कुछ महीनों तक उन्हें नियमित भुगतान मिलता रहा, जिससे उनका विश्वास और मजबूत हो गया। बाद में आरोपी ने निवेश बढ़ाने और मिलने वाली राशि को पुनः निवेश करने की सलाह दी। संजय मिश्रा ने यह योजना अपने परिचितों और सहयोगियों को भी बताई। इसके बाद धीरे-धीरे 14 लोगों ने मिलकर 1 करोड़ 77 लाख 10 हजार से अधिक निवेश कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अब लेनदेन, निवेश की गई राशि और संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई जांच के निष्कर्षों के आधार पर की जाएगी।




**डीमैट अकाउंट खोलने किया था वादा**

पीड़ितों का आरोप है कि निवेश के बदले डीमैट अकाउंट खोलने का वादा किया गया था, लेकिन लंबे समय तक कोई दस्तावेज या प्रमाण उपलब्ध नहीं कराया गया। जब निवेशकों को संदेह हुआ और उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी टालमटोल करने लगा। लगातार बहानेबाजी के बाद निवेशकों को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। इसके बाद संजय मिश्रा ने अपने साथियों की ओर से कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में भाजपा का कुशासन चल रहा है : गोपाल

**कटेली।** प्रदेश में जहां एक ओर भाजपा सरकार सुशासन तिहार का ढिंढोरा पीट रही है, वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गोपाल बाघे ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है, लेकिन सरकार केवल दिखावे की राजनीति में व्यस्त है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वृद्धा, विधवा एवं परित्यक्ता पेंशन कई महीनों से बंद है, जिससे जरूरतमंद लोग परेशान हैं। नल जल योजना पूरी तरह फेल हो चुकी है, लोगों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो रहा। गैस सिलेंडर की कमी के कारण महिलाएं लकड़ी से खाना बनाने को मजबूर हैं। डीजल पेट्रोल संकट से किसानों की खेती बुरी तरह प्रभावित हो रही है। खाद की कमी और बढ़ती कीमतें किसानों की कमर तोड़ रही हैं। कानून व्यवस्था चरमराई हुई है, जिससे प्रदेश में असुरक्षा का माहौल है। ग्राम पंचायतों में काम ठप, जिसके चलते कई सरपंचों ने इस्तीफा दे दिया है। शराब के बढ़ते प्रचलन से सामाजिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। बाघे ने कहा कि ऐसे हालात में सरकार द्वारा सुशासन तिहार मनाना जनता के साथ मजाक है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन 15 तक

**सारंगढ़।** जिले के सारंगढ़, सरिया और भटगांव सहित छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय आईटीआई में प्रवेश सत्र 2026 एवं 2026-28 के लिए संस्था में संचालित कोपा, फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन आदि व्यवसायों में रिक्त स्थानो हेतु ऑनलाईन प्रवेश के लिए राज्य सरकार ने आवेदन प्रकिया के लिए पोर्टल खोला है। पहले चरण में 10वी उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट सीजीआईटीआई डॉट एडमिशन डॉट एनआईसी डॉट इन पर जाकर 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी पोर्टल पर जाकर या नजदीकी च्वाईस सेंटर, कम्प्यूटर सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। इसके लिए लिंक है। एनआईसी द्वारा मेरिट और चयन सूची 16 जून को जारी किया जाएगा। सीट रिक्त होने पर यह प्रक्रिया 2 और 3 चरण में किया जाएगा।

### मकानों और परिवारों की जानकारी सुरक्षित

**सारंगढ़।** जनगणना 2027 का प्रथम चरण यानी मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य विगत शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। यह राष्ट्रीय अभियान 01 मई से शुरू होकर पूरे 30 दिनों तक चला। यह जिले की भविष्य की विकास योजनाओं के लिए आधार तैयार करने का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस बार की जनगणना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से किया गया है। जिले में इस कार्य को कुशलता और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए 13 जनगणना का चार्ज 6 तहसील एवं 7 नगरीय निकाय बनाए गए हैं। 1227 गणना खंडों के अंतर्गत, 1394 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की टीम ने घर घर जाकर मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से संकलित की है। यह सभी संकलित जानकारी अब पूरी तरह से भारत सरकार के सर्वर पर सुरक्षित है।

1 से 15 जून तक चलेगा खेत बचाओ अभियान

# यूरिया की कमी का विकल्प नील हरित शैवाल किसानों को हरी खाद अपनाने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। किसानों की खेती संबंधी जरूरतों को देखते हुए सहकारी समितियों में रासायनिक उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण किया गया है तथा उनकी आपूर्ति सुचारु रूप से जारी है। उर्वरक वितरण के लिए निर्धारित मापदंड भी जारी कर दिए गए हैं।

छोटे किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उपलब्ध उर्वरक एक ही किश्त में प्रदान किया जाएगा, जबकि मझोले एवं बड़े किसानों को उर्वरकों का वितरण दो या तीन किश्तों में किया जाएगा। इस व्यवस्था से अधिकतम किसानों तक समय पर उर्वरक पहुंच सुनिश्चित होगी तथा किसी भी किसान को खेती के महत्वपूर्ण समय में पोषक तत्वों की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। फसल पोषण के लिए वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देने की दिशा में कृषि विभाग द्वारा विभिन्न ग्रामों में नील हरित शैवाल का इनॉकुलेशन कराया गया है। यह कार्य फील्ड आरएईओ के मार्गदर्शन में कृषि संगवारी एवं कृषि सखियों के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इस नवाचार का निरीक्षण संयुक्त संचालक कृषि एवं उप संचालक कृषि द्वारा भी किया गया, जिन्होंने इसकी सफलता पर संतोष व्यक्त किया। विभाग का मानना है कि आने वाले समय में नील हरित शैवाल यूरिया के एक प्रभावी विकल्प के रूप में उभर सकता है। इसके साथ ही किसानों को हरी खाद के उपयोग के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। ढैंचा एवं मूंग के संयोजन को किसानों को आधी दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार हरी खाद के प्रयोग से भूमि की उर्वरता बढ़ेगी तथा यूरिया और डीएपी जैसे रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता में उल्लेखनीय कमी आएगी।

### सहकारी और निजी उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से आपूर्ति

रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति सहकारी संस्थाओं के साथ साथ निजी विक्रेताओं के माध्यम से भी की जा रही है। विभाग द्वारा उर्वरकों के परिवहन, भंडारण एवं वितरण पर सतत निगरानी रखी जा रही है। निरीक्षण दल विभिन्न उर्वरक केंद्रों पर नियमित जांच एवं छापेमारी की कार्रवाई कर रहे हैं ताकि कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। वहीं, किसानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने के लिए एग्रीस्टैक आईडी बनाने का कार्य भी तेज गति से चल रहा है। इस पहल से किसानों का केंद्रीकृत डाटा तैयार होगा, जिससे उन्हें विभिन्न कृषि योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि घटना ग्राम चिंगारी दर्रापारा की है जहां अभियुक्त श्रवण कलंग ने मृतक जेठू राम कलंगा से ईंट का पैसा ना देने की मामूली सी बात पर उसकी हत्या कर दी थी। मृतक का भाई प्रार्थी हुलेश कलंगा ने थाना लैलूंगा में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया, कि घटना 25 अप्रैल 2021 को अभियुक्त श्रवण कलंगा मृतक जेठू राम के घर बार बार आना जाना कर रहा था और पैसा मांग रहा था मृतक के द्वारा यह कहा गया कि उसे पैसा वह बाद में दे देगा किन्तु अभियुक्त पैसे लेने के लिए अड़ा था।

शाम साढ़े 7 बजे जेठू राम और अभियुक्त श्रवण कुमार कलंगा के मध्य इसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हुआ था। अभियुक्त कह रहा था कि उसे शराब पीना है, पैसा चाहिए किन्तु मृतक जेठू राम ने उसे पैसे नहीं दिए। पैसे ना देने की बात को लेकर अभियुक्त आक्रोशित होकर टांगी से मृतक के सीने में प्राण घातक हमला कर दिया। जिससे मृतक गिर गया और छटपटाने लगाए उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे इसी दौरान उसकी मौत हो गई। प्रार्थी की उक्त सूचना के आधार पर थाना लैलूंगा में अभियुक्त के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई तत्कालीन विवेचना अधिकारी ने सभी साक्ष्य को एकत्रित कर तथा गवाहों के बयान दर्ज कर, अभियुक्त श्रवण कलंग के विरुद्ध घरघोड़ा न्यायालय में धारा 302 भारतीय दंड संहिता के तहत अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। न्यायालय ने अभियुक्त के विरुद्ध विचारण के दौरान सभी गवाहों के बयान दर्ज किए तथा समस्त साक्ष्यों का मूल्यांकन कर अभियुक्त श्रवण कलंग को जेठू राम कलंगा की हत्या का दोषी ठहराते हुए धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक हजार के अर्थ दंड से दंडित करने का दण्डादेश सुनाया। न्यायालय ने मृतक के बारिशों एवं आश्रितों को विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से 1 लाख क्षतिपूर्ति देने की अनुशंसा की है। राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा।

# चन्द्रपुर मुक्तिधाम के पीछे 83 लाख की लागत से निर्माणाधीन पार्किंग विवादों में

**चंद्रपुर।** धार्मिक नगरी चंद्रपुर में महानदी तट स्थित मुक्ति धाम के पीछे 83 लाख की लागत से निर्माणाधीन पार्किंग शुरू होते ही विवादों के भंवर में फंस गई है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर नगर पंचायत के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सीएमओ से इसकी शिकायत की है। आरोप है कि निर्माण एजेंसी द्वारा शासन के निर्धारित मानकों को दरकिनार कर बाउंड्री वॉल निर्माण में गुणवत्ताहीन सामग्री और तकनीकी नियमों की अनदेखी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत चंद्रपुर द्वारा मुक्ति धाम के पीछे पार्किंग निर्माण कराया जा रहा है, जिस पर लगभग 83 लाख खर्च किए जा रहे हैं। उक्त कार्य का ठेका निर्माण एजेंसी सक्ति के श्रीजी ग्रुप को दिया गया है, जो मनमाने और नियम विरुद्ध कार्य कर रहा है। ज्ञात रहे इस परियोजना में ट्यूबलर पोल लाइट फिटिंग, बाउंड्री वॉल सहित दो प्रवेश द्वार, सीमेंट कंक्रीट कार्य, टॉयलेट ब्लॉक तथा साइन बोर्ड का निर्माण प्रस्तावित है। वही निर्माण शुरू होने के साथ ही इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं, जिससे पूरे प्रोजेक्ट की पारदर्शिता और निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली कटघरे में आ गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि यदि समय रहते गुणवत्ता की जांच नहीं कराई गई तो लाखों की यह परियोजना धन की बर्बादी का उदाहरण बन सकती है।



निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं दिखाई दे रही हैं। तकनीकी मानकों की अनदेखी और गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग चिंता का विषय है। जांच होनी चाहिए।
जितेंद्र देवांगन पार्षद चंद्रपुर

### बिना सूचना बोर्ड के शुरू हुआ निर्माण

निर्माण कार्य को लेकर एक और गंभीर सवाल यह उठ रहा है कि कार्यस्थल पर अब तक परियोजना से संबंधित आवश्यक सूचना बोर्ड डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगाया गया है। शासकीय निर्माण कार्यों में नियमानुसार सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य होता है, जिसमें परियोजना की कुल लागत, स्वीकृत राशिए निर्माण एजेंसी का नाम, कार्य की अवधि, तकनीकी स्वीकृति, संबंधित विभाग एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां अंकित रहती हैं।

### चार फीट उठी दीवार और शुरू हो गई दरारें

निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल लगभग चार फीट तक खड़ी हो चुकी है, लेकिन कई स्थानों पर दीवारों में दरारें आ गई है। दीवारों की तराई नहीं कराई जा रही है। वही आरोप है कि दीवार से जुड़े डीपीसी बीम में भी निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया गया। जहां लोहे के रिंग या क्षैतिज सरियों की दूरी लगभग 6 इंच होनी चाहिए वहां 12 से 14 इंच की दूरी पर सरिया बांधे गए हैं।

### कुपोषण को दूर करने और महतारी वंदन ई केवायसी को पूरा करने के निर्देश

# कलेक्टर ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक



**सारंगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिले के सभी परियोजना अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में कुपोषण की स्थिति गंभीर कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की संख्या, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए होम विजिट, बच्चों के वजन मापन, स्वास्थ्य परीक्षण तथा पोषण संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कुपोषित बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए उन्हें शीघ्र सामान्य श्रेणी में लाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं।

कलेक्टर ने जिले में संचालित महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की भी बारीकी से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को मिलने वाले लाभए लंबित प्रकरणों तथा योजना के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र महिलाओं को समय पर लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में महतारी वंदन योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने ई केवाईसी की वर्तमान स्थितिए लंबित मामलों तथा हितग्राहियों को आ रही समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों की राशि किसी कारणवश लंबित है, उनके प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में महतारी वंदन योजना के 1223 हितग्राहियों की राशि विभिन्न कारणों से लंबित है। इस पर कलेक्टर ने सभी परियोजना अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी पात्र हितग्राही को योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड दौरा बढ़ाने तथा योजनाओं की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

बैठक में पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने गंभीर कुपोषित बच्चों के उपचार के लिए उपलब्ध बेड की जानकारी लेते हुए नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें तत्काल एनआरसी में भर्ती कराया जाएए ताकि उन्हें बेहतर उपचार एवं पोषण मिल सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एनआरसी की उपलब्ध सुविधाओं का पूर्ण उपयोग होना चाहिए और कोई भी गंभीर कुपोषित बच्चा उपचार से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके अलावा कलेक्टर ने सखी वन स्टॉप सेंटर की गतिविधियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सेंटर में प्राप्त प्रकरणों, उनके निराकरण की स्थिति तथा पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

# 2100 जनगणना ब्लॉक में पूरा हुआ मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जनगणना 2027 हमारे देश का अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान है, जो केवल आंकड़ों का संकलन नहीं बल्कि भविष्य के देश, राज्य तथा जिला, नगर एवं ग्रामों के समग्र विकास की ठोस नींव तैयार करने का कार्य करेगा। यह प्रक्रिया शासन प्रशासन को यह समझने में सक्षम बनाती है कि समाज के विभिन्न वर्गों तक विकास के लाभ किस प्रकार और कितनी प्रभावशीलता से पहुंच रहे हैं तथा भविष्य की योजनाओं को किस दिशा में आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

भारत की जनगणना 2027 का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में दो चरणों में संपादित किया जा रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य 01 मई 2026 से प्रारंभ होकर 30 मई तक सफलतापूर्वक संपन्न किया गया है। द्वितीय चरण फेज के अंतर्गत जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी 2027 में संपादित किया जाएगा। प्रथम चरण का मकानसूचीकरण कार्य द्वितीय चरण की जनसंख्या गणना के लिए आधार तैयार करता हैए जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी मकान एवं उसमें निवासरत परिवार गणना कार्य से वंचित न रहे। प्रथम चरण के दौरान जिला के सभी ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण किया गया। जिले के कुल 10 ग्रामीण एवं 08 नगरीय निकायों के प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मकान एवं उसमें निवासरत परिवारों से जानकारी एकत्रित की गई। भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 34 प्रश्नों के माध्यम से मकानों की स्थितिए परिवारों को उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी मोबाइल एप के माध्यम से संकलित की गई। संकलित समस्त जानकारी को सुरक्षित रूप से भारत सरकार के सर्वर में संरक्षित किया गया है। जिले के समस्त तहसीलों, ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रथम चरण का कार्य शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं कुशलतापूर्वक संपादित किया गया। इस दौरान जिले के सभी क्षेत्रों का पूर्ण कवरेज सुनिश्चित किया गया तथा कोई भी क्षेत्र गणना कार्य से नहीं छूटा। प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा घर-घर जाकर जानकारी संकलित करने के दौरान जिले के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहयोग प्रदान किया, जिसके कारण यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक पूर्ण हो सका।

# नगर में सालों बाद तेज रफ्तार से चल रहे सफाई अभियान के बाद हो रही बयानबाजी से गरमाई राजनीति

**घरघोड़ा।** नगर पंचायत क्षेत्र में तालाबों से जलकुंभी हटाने और सफाई को लेकर घरघोड़ा में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। एक ओर नगर में तालाबों की सफाई और जल संरक्षण के लिए अभियान तेज गति से चल रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों द्वारा सवाल उठाने को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में जब भी कोई बड़ा काम शुरू होता है, कुछ चेहरे हर बार विरोध और आरोपों के साथ सामने आ जाते हैं। समर्थकों का आरोप है कि यह वही लोग हैं जो विकास कार्यों में सहयोग देने के बजाय हर बार मीन.मेख निकालकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं।



उनका कहना है कि आलोचना करना आसान है, लेकिन जमीन पर काम कराना मुश्किल। नगर पंचायत समर्थकों का दावा है कि तालाबों से जलकुंभी हटाने का काम लगातार जारी है और इसका फायदा आने वाले समय में जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण को मिलेगा। कई स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वर्षों से उपेक्षित पड़े तालाबों में अब काम दिखाई दे रहा है और इसी वजह से कुछ लोगों को यह रास नहीं आ रहा। नगर सरकार के पक्ष में खड़े लोगों का कहना है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा सोशल मीडिया के जरिए जानबूझकर ऐसा माहौल बनाया जा रहा है, जिससे विकास कार्यों पर सवाल खड़े हों और नगर पंचायत की छवि प्रभावित हो। समर्थकों का आरोप है कि यदि वास्तव में जनहित चिंता होती तो सुझाव और समाधान दिए जाते, केवल विरोध नहीं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जुड़े लोगों का कहना है कि नगर में सफाई, जल संरक्षण और सौंदर्यीकरण जैसे काम पहली बार इतने व्यापक स्तर पर चल रहे हैं। ऐसे समय में लगातार विवाद खड़ा करना केवल काम की गति प्रभावित करता है। उनका कहना है कि जनता अब केवल आरोप नहीं, परिणाम देख रही है। फिलहाल तालाब सफाई को लेकर आरोप प्रत्यारोप जारी हैं।

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी
खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.)
-: समाचार पत्र में प्रकाशन:-
सूचना पत्र
रा.प्र.क्र.-जन्म/मृत्यु/स-131/2025-28
ग्राम बिंजकोट, तहसील खरसिया
आवेदक-भोगीलाल सारथी पिता शिवलाल सारथी जाति घसिया, निवासी ग्राम बिंजकोट, तहसील खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.)
बनाम
छ.ग. शासन
एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम-बिंजकोट, प.ह.नं. 30 तहसील खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोगीलाल सारथी पिता शिवलाल सारथी जाति धसिया निवासी ग्राम बिजकोट, तहसील खरसिया, जिला रायगढ़, (छ.ग.) द्वारा अपने पिता शिवलाल सास्थी पिता रत्थुराम सारथी के मृत्यु दिनांक 28/12/2024 स्थान बिंजकोट, का मृत्यु पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिस पर सुनवाई दिनांक 01/06/2026 को नियत है।
प्रकरण में राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में नियत पेशी/सुनवाई दिनाँक को उपस्थित होकर अपना आपत्ति/जवाब प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथी को उपस्थित न होने की स्थिति में नियत तिथी के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनाँक 15/04/2028 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
खरसिया

# आवारा कुत्तों को पकड़ने विशेष मुहिम शुरू

**जशपुरनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए विशेष अभियान की शुरुआत कर दी गई है। इसके तहत नगर पालिका ने एक डॉग स्क्वायड टीम का गठन किया है, जो शहर के विभिन्न वार्डों में घूमकर आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़ने का कार्य कर रही है। नगर पालिका परिसर से अभियान की शुरुआत की गई। विशेष रूप से तैयार किए गए वाहन, जाल और अन्य आवश्यक उपकरणों के साथ टीम को मैदान में उतारा गया है। अभियान के दौरान कुत्तों को बिना किसी नुकसान पहुंचाए पकड़कर निर्धारित स्थानों पर ले जाया जाएगा, जहां उनका स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं नसबंदी जैसी आवश्यक प्रक्रियाएं की जाएंगी। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि शहर में लगातार आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ने से नागरिकों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई वार्डों से कुत्तों के झुंड द्वारा राहगीरों को दौड़ाने एवं काटने की शिकायतें भी प्राप्त हो रही थीं। इन्हीं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यह विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। डॉग स्क्वायड टीम प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर आवारा कुत्तों को चिन्हित करेगी और उन्हें पकड़कर नियमानुसार उपचार एवं नसबंदी के लिए भेजेगी।

### 14 केंद्रों में 4 को होगी डीएलएड प्रवेश परीक्षा

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित डीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन 4 जून को किया जाएगा। जिले में परीक्षा के लिए 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक होगी। परीक्षा में कुल 4845 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा के प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा को बनाया गया है। सीजी व्यापम द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 2 घंटे पहले 8 बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के कपड़े जैसे सफेद, हल्का नीला, गहरा नीला या काला पहनकर आना होगा। पैर में सैंडल या चप्पल पहनना जरूरी है। बंद जूते, बेल्ट, पूरी बांह के कपड़े मना रहेंगे। परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र एवं फोटो वाला पहचान पत्र साथ लाना जरूरी है।

# छग राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ का हुआ चुनाव

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ की जिला इकाई रायगढ़ के पदाधिकारियों का निर्वाचन कार्यक्रम आज मंगल भवन छोटे अतरमुड़ा, रायगढ़ में लोकतांत्रिक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया में जिले के सभी छात्रावास अधीक्षक साथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना 26 मई को जारी की गई थी। निर्धारित कार्यक्रमानुसार 27 एवं 28 मई को नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुईए जबकि 29 मई को नाम वापसी एवं अंतिम प्रत्याशी सूची का प्रकाशन किया गया। इसके पश्चात 31 मई को प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से निर्वाचन सम्पन्न कराया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नेहा दीक्षित एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी फणेन्द्र कुर्रे द्वारा निष्पक्ष संचालन में सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। निर्वाचन परिणामों की घोषणा के पश्चात उपस्थित सदस्यों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। निर्वाचन परिणाम के अनुसार जिला इकाई रायगढ़ के लिए अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, उपाध्यक्ष मनीषा चौहान, उपाध्यक्ष अनुराग नामदेव, महामंत्री रविशंकर गबेल, महामंत्री जयवर्धन पाटिल, सचिव रमेश वारे, कोषाध्यक्ष, गोपाल कुमार आदित्य, सह सचिव अमित पटेल, प्रवक्ता मीडिया प्रभारी वासु देवानंद कृष्ण गुप्ता इसके अतिरिक्त जिले के सभी विकासखंडों के अध्यक्षों का निर्वाचन भी किया गया। अधीक्षकों ने विश्वास व्यक्त किया कि नव निर्वाचित टीम संघ को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं संगठित बनाने के साथ साथ समस्याओं, अधिकारों एवं हितों के संरक्षण हेतु प्रभावी भूमिका निभाएगी।



# वित्त मंत्री व रायगढ़ विधायक मा. ओपी चौधरी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

























जीवेत् शरदः शतम्
विकास की राजनीति के ध्वजवाहक
श्री ओपी चौधरी जी
वित्त मंत्री व रायगढ़ के लोकप्रिय विधायक
को जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं
राधेश्याम राठिया
सांसद, रायगढ़ लोकसभा
देवेन्द्र प्रताप सिंह
राज्य सभा सांसद
अरूणधर दीवान
जिला महामंत्री भाजपा
शिखा गबेल
जिला पंचायत अध्यक्ष
जीवर्धन चौहान
महापौर, रायगढ़
डिग्रीलाल साहू
सभापति, रायगढ़
गिरधर गुप्ता
प्रदेश कार्य समिति सदस्य
जगन्नाथ पाणिग्राही
प्रदेश कार्य समिति सदस्य
सत्यानंद राठिया
प्रदेश कार्य समिति सदस्य
विजय अग्रवाल
पूर्व विधायक रायगढ़
श्रीमती सुनीति राठिया
लैलूंगा प्रत्याशी
उमेश अग्रवाल
पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा
गुरूपाल भल्ला
प्रदेश कार्य समिति सदस्य
श्रीकांत सोमावार
अ.ज. मोर्चा राष्ट्रीय सदस्य
गोपाल शर्मा
विधानसभा संयोजक
सुभाष पाण्डे
विवेक रंजन सिन्हा
प्रदेश कार्य समिति सदस्य
ब्रजेश गुप्ता
प्रदेश कार्य समिति सदस्य
सतीश बेहरा
जिला महामंत्री भाजपा
कमल गर्ग
हरिश चन्द्र राठिया
धरमजयगढ़
महेश साहू
खरसिया
बजरंग अग्रवाल
विकास केडिया
शांता साय
अरूण राय
जय प्रकाश
रत्थु गुप्ता
विलिश गुप्ता
जतिन साहू
सुरेन्द्र पांडे
जैनेश्वर मिश्रा
रंजू संजय
शिखा रविन्द्र गबेल
जिला पंचायत अध्यक्ष
गोपाल अग्रवाल
सभापति जिला पंचायत
बलदेव कुर्रे
जिला पंचायत सदस्य
बंशी चौधरी
जिला पंचायत सदस्य
भगवती डोलनारायण नायक
जिला पंचायत सदस्य
बृजेश गुप्ता
जिला पंचायत सदस्य
लक्ष्मी जीवन पटेल
जिला पंचायत सदस्य
मुरली राठिया
जिला पंचायत सदस्य
पुनेश्वर राठिया
जिला पंचायत सदस्य
पूर्णिमा बैगा
जिला पंचायत सदस्य
रजनी राठिया
जिला पंचायत सदस्य
रमेश बेहरा
जिला पंचायत सदस्य
सतबाई पटेल
जिला पंचायत सदस्य
शांता भगत
जिला पंचायत सदस्य
सुषमा खलखो
जिला पंचायत सदस्य
दीपक सिदार
जिला पंचायत सदस्य
लीनव राठिया
जनपद अध्यक्ष धरमजयगढ़
सहनू राम राठिया
जनपद अध्यक्ष घरघोड़ा
रामकुमारी राठिया
जनपद अध्यक्ष खरसिया
ज्योति भगत
जनपद अध्यक्ष लैलूंगा
हेमलता चौहान
जनपद अध्यक्ष पुसौर
सुजाता मुण्डा चौहान
जनपद अध्यक्ष रायगढ़
जगदीश सिदार
जनपद अध्यक्ष तमनार
शिशुपाल गुप्ता
जनपद उपाध्यक्ष धरमजयगढ़
संजय अग्रवाल
जनपद उपाध्यक्ष घरघोड़ा
हितेश गबेल
जनपद उपाध्यक्ष खरसिया
मनोज अग्रवाल
जनपद उपाध्यक्ष लैलूंगा
खीरमती चौहान
जनपद उपाध्यक्ष पुसौर
गायत्री बेहरा
जनपद उपाध्यक्ष तमनार
रामश्याम डनसेना
जनपद उपाध्यक्ष रायगढ़
भारतीय जनता पार्टी जिला रायगढ़ ( छ.ग.)
विनीत : समस्त पार्षद नगर निगम रायगढ़